25 Ambikapur-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/25/2023 9:59 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 26 दिसम्बर 2023

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी का विशेष योगदान : मरावी



## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आज मनाएगी वीर बाल दिवस



**अंबिकापुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस को लेकर समाज के लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंहसभा के सरदार जितेंद्र सिंह सोढ़ी व सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा रिंकू ने बताया कि गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाने जिले में तैयरियां चल रही है। वीर बाल दिवस को लेकर शहर के आम लोगों के साथ ही सिख संगत में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसंबर की सुबह 7 बजे घड़ी चौक से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा तक नगर भ्रमण कर साहबजादों की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके साथ ही गुरुद्वारा में शबद कीर्तन और साहबजादो के अप्रतिम बलिदान को याद करते हुए विद्वान जनों के द्वारा कथा विचार किया जाएगा उसमें समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। वहीं गुरुद्वारा में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा जबकि शाम 7 बजे से रात्रि 9 तक विशेष कीर्तन दीवान एवं समाज के बच्चों के द्वारा कविताएं कथा विचार एवं गुरबाणी शब्द कीर्तन किया जाएगा व गर्म दूध का वितरण किया जाएगा। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने सिख समाज और समाज के सभी वर्गों से इन कार्यक्रमों में शामिल होने का आह्वान किया है।

### लकड़ी काटते समय पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**अंबिकापुर।** लकड़ी काटते समय पेड़ से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैयाथान के रजबहरा निवासी 72 वर्षीय सुरजन आ. स्व. फूलसाय कंवर 24 दिसंबर की शाम लकड़ी लेने के लिए जंगल गया हुआ था। इस दौरान पेड़ पर चढ़कर डंगाल काटने के दौरान डाल टूटने से नीचे गिरकर बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए भैयाथान अस्पताल में लाया गया और बाद में उसे परिजन द्वारा सूरजपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिला चिकित्सालय से डॉक्टरों द्वारा मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पेड़ से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### मिक्सर मशीन वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अंबिकापुर।** मिक्सर मशीन वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने भांजा भांजी को स्कूल की छुट्टी होने पर उन्हें घर पहुंचाने गया था और वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गया। मामले में पुलिस द्वारा वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम धारानगर निवासी 25 वर्षीय तिलक साय आ. मिरटु राम उरांव 23 दिसंबर को क्रिसमस पर स्कूल की छुट्टी होने के कारण एकलव्य स्कूल दोहना में पढ़ने वाले भांजा जगनंदन व मिशन स्कूल मानपुर में पढ़ने वाली भांजी अंजली को स्कूल से लेकर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 3098 से डीपाडीह कला छोड़ने गया हुआ था। बच्चों को उनके घर छोड़कर वापस लौटने के दौरान दुर्गापुर पेट्रोल पम्प के समीप शाम चार बजे विपरीत दिशा से आ रहे मिक्सर मशीन वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन का चक्का युवक पर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की शिकायत मृतक के जीजा सुखराम भगत ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने मामले में मिक्सर मशीन वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बिशप की अगुवाई में संपन्न कराए गए धार्मिक अनुष्ठान

# क्रिसमस की खुशियों में डूबा मसीही समाज महागिरजा घर में हुई विशेष प्रार्थना सभा



महागिरजा घर में विशेष पूजा कराते बिशप व अन्य।



प्रार्थना सभा में उपस्थित समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मसीही समाज द्वारा प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन क्रिसमस का महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महागिरजाघर समेत सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। महागिरजाघर में बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करामे गए इसके साथ ही रात 12 बजते ही चर्च के घंटे बज उठे और लोगों ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ ही सोमवार को भी क्रिसमस पर एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। बता दें कि क्रिसमस के महापर्व को लेकर मसीही समाज द्वारा विगत एक माह से तैयारियां की जा रही थी। घरों में रंग रोगन के साथ ही साज सज्जा की गई थी। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा जमकर नए पकड़ों, केक व सजावटी सामानों की खरीददारी की गई। क्रिसमस पर्व को लेकर शनिवार की रात गिरजाघरों में पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। शहर के नवापारा स्थित महागिरजाघर में 24 दिसंबर की रात 8 बजे से ही समाज के लोग पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान रात 10 बजे महागिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा प्रारम्भ की गई जो रात 12 बजे तक जारी रही। प्रार्थना सभा के दौरान सरगुजा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में विकर जनरल फादर विलियम उर्रे व फादर जॉर्ज ग्रे कुजूर द्वारा समस्त धार्मिक अनुष्ठान मिस्सा पूजा संपन्न कराई गया। चरनी के आशीष के साथ धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत की गई व रात 12 बजे प्रभु येशु का जन्म होते ही चर्च के घंटे बज उठे और समाज के लोगों द्वारा आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। प्रार्थना सभा में सुसमाचार का वाचन फादर विलियम उर्रे ने किया। इस दौरान पारा टोला से आए समाज के मती मिंज व सुषमा लकड़ा ने बाइबील के पवित्र पाठ का वाचन कर येशु के संदेशों को दिया। रात्रि प्रार्थना सभा के दौरान फादर अनुरंजन व फादर जॉन की अगुवाई में युवक युवतियों द्वारा अनुश्ठान के बीच-बीच में भक्तिमय गीतों से ऐसा समा बांधा की लोग भक्तिमय गीतों में रम गए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परम प्रसाद का वितरण व बालक येशु का चुंबन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, नगर निगम के महापौर डॉ. अजय तिर्की, फादर ज्ञान लकड़ा, फादर पीटर, राजेन्द्र तिग्गा, अरुण मिंज, भानु, राजेश टोप्पो, फादर अविरा, हॉली क्रास, उर्सुलाइन, संत अन्ना, मिशनरीज आफ चैरिटी सिस्टर्स व बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

**खास बात**

- 12 बजे चर्च का घंटा बजते ही मनाया गया जश्न

### बिशप ने दिया अहिंसा का सन्देश

महागिरजाघर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान समुदाय को संबोधित करते हुए अपने संदेश में बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा ने कहा कि दुनिया के कई देशों में आज युद्ध के बीच हिंसा, घृणा, खौफ और तानाशाही का बोलबाला है। रूस व यूक्रेन के लोग अपने आप को येशु के अनुयायी मानते हैं लेकिन उनके अंदर के ख्रीस्तीय संस्कार मर चुके हैं। फिलिस्तीन व इस्राइल के बीच संघर्ष व युद्ध के कारण मानवता वहां कराह रही है। येशु का संदेश यहां अर्थहीन हो चुका है। मणिपुर के लोग आज भी तनावपूर्ण जिंदगी जी रहे हैं। ये देश घृणा व दुश्मनी के दलदल में फंसकर अंधकारमय हो चुका है। आइए हम सब मिलकर बेतलहेम के गौशाले में जन्मे चर्नी में लेटे प्रभु येशु मसीह की महत्ता और उनके संदेश को ग्रहण करें।

### क्रिसमस पर स्नेह सम्मेलन समारोह

मसीही समाज द्वारा क्रिसमस का त्यौहार जिलेभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान आज सुबह से ही महागिरजाघर के साथ ही अन्य चर्च में समाज के लोगों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने चर्च में प्रार्थना करने के साथ ही एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। इसके साथ ही क्रिसमस के अवसर पर बिशप हाउस नवापारा में बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में क्रिसमस स्नेह सम्मेलन मनाया गया। क्रिसमस स्नेह सम्मेलन में समाज के साथ ही विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए और एक दूसरे को बधाई दी। स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम देर शाम तक जारी रहा।

# तरंगित तार का फंदा लगाने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

तरंगित तार के फंदे में फंसकर युवक की मौत के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने कोटरी का शिकार करने के लिए हाईटेंशन लाइन से विद्युत चोरी कर तरंगित तार का फंदा लगाया था लेकिन इस फंदे में फंसकर युवक की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की विवेचना जारी है। बता दें कि डौरा चौकी अंतर्गत ग्राम अतौरी निवासी 32 वर्षीय संतु चेरवा आ. रामनंदन चेरवा अपने साथियों घुरसाय चेरवा व घमेश्वर के साथ 22 दिसंबर को ग्राम कोदौरा गया हुआ था और तीनों पैदल ही सड़क मार्ग से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान कोदौरा जूनाडीह नाला के समीप पहुंचे के बाद संतु चेरवा मैदान करने गया हुआ था लेकिन नाला के समीप पहुंचने से पहले ही तरंगित तार के जाल में फंसकर उसकी मौत हो गई थी। इस घटना की शिकायत साथी घुरसाय चेरवा ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान जंगली जानवर कोटरी के शिकार हेतु तरंगित तार का फंदा लगाए जाने की बात सामने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी जितेंद्र कुमार खूंटे के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोदौरा निवासी 26 वर्षीय अनिल सिंह आ. स्व. सत्यनारायण सिंह, 42 वर्षीय प्रभु राम आ. विधुन राम कंवर, 30 वर्षीय देवराज आ. स्व. जुगेश्वर व 20 वर्षीय चंद्रिका आ. राजकुमर अगरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 22 दिसंबर को अनिल के घर में प्रभु राम, चनद्रिका, देवराज, बसराज द्वारा राजाराम के रहर बाड़ी में आने वाले कोटरी को पकड़ने व शिकार करने की योजना बनाई। आरोपियों ने 11 केव्ही के विद्युत पोल से अवैध विद्युत हुकिंग की गई और सेंट्रिंग के उपयोग में आने वाले तार को सूखे हुए लकड़ी के खूंटा में लगाकर जाल बिछाया गया। इस जाल में जानवरों ⏭ शेष पेज 4 पर

- कोटरी के शिकार हेतु लगाए गए फंदे में फंसकर हुई थी युवक की मौत



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला वार्ड में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मरीज रहे परेशान, डायलिसिस की सुविधा भी हुई प्रभावित

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला मेडिकल वार्ड में मरीजों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। पानी की कमी होने के कारण मरीजों को शौच व अन्य निस्तार के कार्यों के लिए समस्या उत्पन्न हो गई जबकि मरीजों के डायलिसिस का कार्य भी बंद हो गया। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मोटर पंप में खराबी आने के कारण यह समस्या सामने आई थी और अब इसे दूर कर लिया गया है लेकिन पानी की कमी के कारण चार दिनों तक मरीज प्रभावित रहे। बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के महिला मेडिकल वार्ड में चार दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही थी। पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण मरीजों को निस्तार कार्यों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई थी जबकि इसका सबसे बड़ा असर किडनी के मरीजों पर पड़ा। पानी की किल्लत के कारण डायलिसिस की सुविधा भी प्रभावित रही। मरीजों का डायलिसिस नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा जबकि डायलिसिस मरीजों के लिए अत्यंत जरुरी होता है। डायलिसिस नहीं होने से मरीज भटकते रहे जबकि निस्तार जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भी मरीज व उनके परिजन परेशान रहे। पानी की किल्लत के पीछे की मुख्य वजह मोटर पंप खराब होने को बताया जा रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि दो से तीन दिनों के भीतर ही मोटर पंप में सुधार कर लिया गया था जिसके बाद व्यवस्थाएं दुरुस्त हो गई थी लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि मोटर पंप खराब होने के बाद इतने दिनों तक मरीज परेशान रहे।



### लगाए गए नए मोटर पंप

महिला मेडिकल वार्ड का मोटर पंप के खराब हो जाने के कारण पानी की समस्या हुई थी। टैंकर से दोनों समय पानी की सप्लाई किया गया। आज खराब पंप की जगह नए पंप लगाया गया है जिससे अब पानी की कोई समस्या नहीं है और डायलिसिस नियमित हो रहे है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

# परसा खदान को शुरू कराने ग्रामीणों ने पूर्व डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन



**उदयपुर।** राजस्थान सरकार की परसा खदान को शुरू कराने तथा परसा ईस्ट केते बासेन परियोजना के नियमित संचालन के लिए ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम हरिहरपुर में पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम साल्ही, जर्नादनपुर, फतेपुर, तारा एंव हरिहरपुर ग्रामीण कोल ब्लॉक का भूमि का मुआवजा दो वर्ष पूर्व ले लिया चुके हैं, किन्तु आज दिनांक तक खदान का संचालन प्रारंभ नहीं हो सका है जिसके कारण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण नौकरी और अन्य सुविधाओं से वंचित है। रोजगार के अभाव में उनकी रोजी-रोटी एवं विकास प्रभावित हो रही है। खदान खुलने के पूर्व क्षेत्र की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय थी एवं रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था लेकिन खदान चालू होने के बाद क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास होना शुरू हुआ है तथा क्षेत्र वासियों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। खदान खुलने से रोजगार के अवसर बढ़े है तथा क्षेत्र में निःशुल्क शिक्षा के लिए कक्षा 11वीं तक अंग्रेजी माध्यम से सीबीएससी स्कूल चल रहा है।आसपास के ग्रामों में 24 घंटे एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# विधायक ने किया पांच नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**अंबिकापुर।** सोमवार को नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा पांच नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया गया। सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने गंगापुर यादव मोहल्ला में विद्युत विभाग द्वारा स्थापित 100 केव्हीए के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। शहर के बनारस रोड बीटीआई के पास, आयुर्वेदिक अस्पताल गंगापुर, नेहरू विद्या मंदिर के निकट नमनाकला और पटपरिया में लगाए गए ट्रांसफॉर्मर आज चार्ज कर दिए गए। इन ट्रांसफॉर्मर के चालू हो जाने से इन क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ साथ उपभोक्ताओं को निरंतर बिजली प्राप्त होगी, विद्यमान ट्रांसफॉर्मरों से ओवरलोड कम होगा तथा लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। इस दौरान राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा, मधुसूदन शुक्ला, मुरारी लाल बंसल, रूपेश दुबे, शैलेंद्र शर्मा, दीक्षित यादव, अरूण मिश्रा, वेदांत तिवारी, सुषमा जायसवाल, नितिन गुप्ता, शैलेंद्र चौबे, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वय एसपी कुमार एवं आर नागवंशी, सहायक यंत्री अभिनेष बंजारे आदि मौजूद थे।

## जिले के 31662 किसानों को दी गई दो वर्ष की बोनस राशि, अटल चौक पर हुए कार्यक्रम

# सुशासन दिवस का उद्देश्य समाज में पारदर्शी प्रशासन स्थापित करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को जिलेभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान समस्त अटल स्मारकों में स्व. श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई जो एक सप्ताह तक चलेगी। शहर के नवागढ़ में अटल चौक पर स्थित अटल स्तंभ में कलेक्टर कुंदन कुमार तथा एसपी सुनील शर्मा के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही आज सुशासन दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 व 2015-16 की बकाया बोनस राशि का वितरण किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर जिले के 31662 किसानों के खाते में कुल 6067.76 लाख रुपए बोनस राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में सीएम के उद्बोधन को सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की दें है। उन्होंने ने ही राज्य को पहचान दिलाई। सुशासन दिवस का उद्देश्य समाज में पारदर्शी प्रशासन स्थापित करना, देश मे वृद्धि और विकास को बढ़ाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के घोषणा अनुसार किसान भाइयों को धान बोनस दिए जाने पर बधाई देने के साथ ही कहा कि पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा सम्भाग के चहुंमुखी विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन प्रयासरत हैं, निश्चित रूप से पूरा लाभ मिलेगा, यह परिवर्तन सभी को दिखेगा। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत धान बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अटल जी का जन्मदिन जिसे हम सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं, इसका अर्थ है योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस दौरान एसपी सुनील शर्मा, ननि आयुक्त अभिषेक कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा हितग्राही किसान उपस्थित थे।

# किराना दुकान से 330 बोरी अवैध धान जब्त, प्रशासनिक टीम ने की कार्रवाई



**बतौली/सेदम।** जिले में अवैध रूप से धान खपाने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर आज क्षेत्र में दूसरे दिन भी अभियान चलाकर अवैध रूप से धान का भण्डारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने किराना दुकान से 330 बोरी अवैध धान बरामद किया है। बता दें कि धान खरीदी के दौरान बाहरी धान खपाने वालों के खिलाफ कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान समितियों में अवैध रूप से धान खपाने वालों के साथ ही बड़ी मात्रा में धान का भण्डारण करने वाले कोचियों व बिचौलियों के यहां भी छापामार कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा बतौली विकासखंड में रविवार को भी 320 बोरी अवैध धान बरामद किया था। वहीं आज कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार तारा सिदार, नायब तहसीलदार संजय सारथी, आरआई धर्मेंद्र दुबे, जगतपाल सिंह, मनीष सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मां लक्ष्मी किराना स्टोर में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान संचालक राम नरेश यादव के पास से 330 बोरी धान बरामद किया गया। टीम द्वारा व्यवसायी के पास से बरामद किए गए 132 क्विंटल धान को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### फलों का राजा आम बाजार में



**बैकुण्ठपुर।** आम का सीजन आने में अभी कई महीनों का समय है, लेकिन इसके पहले ही बाजार में आम आने लगे हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय फल दुकान में आम का किस्म बैगन फली विक्रय किया जा रहा है, जिसकी कीमत 260 रूपए प्रति किलो की दर से बेची जा रही है, जो सेव की कीमत से भी अधिक दर पर विक्रय किया जा रहा है। अधिक दाम होने के कारण ही आम अभी आम लोगों के पहुंच से दूर है, सिर्फ खास लोगों के लिए ही आम वर्तमान में मौजूद हैं।

### कांग्रेस की कार्यकारिणी दीपक बने जिला प्रवक्ता

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं



प्रशासन मलकीत सिंह गैदू ने कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी गठित की। इसमें युवा दीपक गुप्ता को जिला प्रवक्ता बनाया है। उल्लेखनीय है कि युवा कांग्रेसी दीपक गुप्ता इसके पूर्व कांग्रेस में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को बखूबी निभा चुके हैं, उनके कामों पर भरोसा कर अब उन्हें जिला प्रवक्ता बनाया गया।

### विधायक से मिले टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य



**बैकुंठपुर।** नव निर्वाचित विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े को छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी एवं प्रांतीय संगठन सह-सचिव अशोक लाल कुर्रे के नेतृत्व में निज निवास जाकर भेंट मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं शिक्षक संवर्गीय मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजवाड़े ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि मांगों को सरकार ध्यान देगी। कार्यक्रम में काफी संख्या में टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

## किसानों के खाते में आई बकाया बोनस की राशि

# किसानों को 22 करोड़ से ज्यादा का भुगतान



मंच पर उपस्थित विधायक भईयालाल राजवाड़े व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर किसानों के खाते में बकाया बोनस की राशि डाली गई। इसी कड़ी में 25 दिसंबर के दिन कोरिया और एमसीबी जिले में 14435 किसानों के खाते में 22 करोड़ 57 लाख 64 हजार रुपए का बकाया बोनस की राशि डाली गई। हालांकि 25 दिसंबर तीन कारणों से महत्वपूर्ण रहा। कोरिया जिले में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की धान की बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में डाले गए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री और बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने जिला स्तरीय धान बोनस कार्यक्रम में खरवत चौक पर जिले के 9 हजार 756 किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के बकाया धान बोनस की राशि को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में डलवाया। कोरिया जिले के धान खरीदी वर्ष 2014-15 में पटना व गिरजपुर, चिरमी, छिन्दडांड़, जिल्दा, धौराटिकरा, पोंड़ी, रजौली, सरभोका, सोनहत धान उपार्जन केन्द्र के 6 हजार 710 किसानों को 11 करोड़ 44 लाख 46 हजार 760 रूपए राशि तथा वर्ष 2015-16 के पटना व गिरजपुर, चिरमी, छिन्दडांड़, जिल्दा, धौराटिकरा, पोंड़ी, रजौली, सरभोका, सोनहत धान उपार्जन केन्द्र के 3 हजार 46 किसानों को 4 करोड़ 68 लाख 17 हजार 400 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में डाले गए। इस तरह कोरिया जिले के 9 हजार 756 किसानों के 16 करोड़, 12 लाख 64 हजार रुपए का अंतरण डीबीटी के माध्यम से हुआ। खरवत चौक में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि 25 दिसंबर अटल जी का जन्मदिन है और सुखद संयोग है कि हमारे अन्नदाताओं को उनके बकाया बोनस के राशि आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पर बटन दबाया और प्रदेश के लाखों किसानों के खाते में करोड़ों रूपए डाले गए।

### उम्मीद नहीं था, पर साय सरकार ने पूरा किया

ग्राम खरबत निवासी किसान कन्हया लाल राजवाड़े, मारवाड़ी लाल प्रजापति, जामपारा निवासी धनीराम एवं लाल बाबू ने बकाया धान बोनस मिलने पर कहा कि हमें यह बकाया राशि मिलने की उम्मीद नहीं था, लेकिन धन्य हो आज सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के विष्णु देव सरकार ने अपने वादे के अनुरूप कर दिया और हमारे खाते में रूपए भी आ गया। सोनहत में भी सुशासन दिवस व धान बोनस वितरण का आयोजन किया गया था, इसमें काफी संख्या में किसान व ग्रामीण एलईडी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उद्बोधन को सुना भी गया। मुख्य अतिथि व विधायक श्री राजवाड़े ने प्रतीकात्मक रूप से 30 किसानों को धान बोनस राशि वितरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्याम बिहारी जायसवाल, नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद सदस्य सौभाग्यवती सिंह, अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सरपंच श्रीमती आनंदी सोनपाकर एवं काफी संख्या में किसान, ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एमसीबी जिले में 3364 किसानों के खाते में आया बकाया बोनस



प्रमाण पत्र दिखाते किसान।

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्कालिक दस समितियों में क्रय किए गए धान के विरूद्ध धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान वर्ष 2014-15 के लिए 3364 कृषकों की बोनस राशि 4 करोड़ 81 लाख रुपए एवं 2015-16 में 1315 किसानों की बोनस राशि 1 करोड़ 74 लाख रुपए, इस प्रकार कुल 4679 किसानों के बैंक खाते में कुल 6 करोड़ 45 लाख रुपए अंतरित किए गए का प्रमाण पत्र किसानों को दिया गया। एमसीबी के जिन किसानों को बोनस राशि दी गई, उनमें अताउल्लाह ग्राम सिरौली को 308.40 क्विंटल धान का 92,520 रूपए, लालपुर के कौशल को 117.20 क्विंटल धान का 35,160 इसी प्रकार पिपरिया के छत्रपति को 39,240 रूपए, लालपुर के जितेन्द्र 62,400 रूपए, भलौर ग्राम के संतोष 8,640 रूपए विष्णु प्रसाद पिपरिया को 13800 रूपए, भलौर के ही रामसुभग 40,920 रूपए मदन मोहन शंकरपुर 33120 रूपए बुंदेली के विजय बहादुर 16,800 रूपए एवं बुंदेली के ही चरकूराम को 35,400 रूपए, डंगौरा ग्राम पंचायत के कृषक भारत सिंह 8,640 रूपए, कठोतियां के ठाकुर दयाल को 13,560 और रंजु देवी को 5,880 रूपए तथा गुलाब नबी खरबैना को 21,840 रूपए के बोनस का प्रमाण पत्र दिया गया। इस तरह कुल 3,78,240 रूपए का बोनस उपरोक्त किसानों के खातें में राज्य शासन द्वारा जमा कराया जा चुका हैं, जिसका प्रमाण पत्र सुशासन दिवस कार्यक्रम अवसर पर छग शासन के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा दिया गया।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित सर्किट हाउस में बीते दिवस कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से अनेक प्रस्ताव पारित किया गया। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति में सक्रिय सदस्यों को शामिल किया जाएगा। शीघ्र जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें अविभाजित कोरिया के नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

कोरिया कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर का शीघ्र प्रकाशन किया जाएगा। महिला कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया। फेडरेशन प्रांतीय पदाधिकारियों से डीए की देय राशि शीघ्र प्रदाय करने के लिए वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कोरिया कर्मचारियों के हित के लिए पूर्ववत संघर्ष करेगा। विदित हो कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है, जो विगत कई वर्षो से कर्मचारी हित में संघर्ष करता रहा है और कर्मचारियों को न्याय और उनका हक अधिकार शासन से दिलाया है। इसमें संगठन के प्रति समर्पित जुझारू कर्मठ साथी सदैव कर्मचारी हित के लिए संघर्ष करते रहते हैं। इस संगठन में 84 विभागों के कर्मचारी-अधिकारी शामिल हैं जो कि अब तक के सबसे बड़े संगठन का रिकार्ड दर्ज किया गया है। संगठन के संभागीय संयोजक राजेन्द्र सिंह ने संगठन के प्रति समर्पित कर्मचारियों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने अब तक जो भी सफलताएं प्राप्त की है वह कर्मचारियों की मेहनत, लगन और उनके साहस का परिणाम है। बैठक में संभागीय संयोजक राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक अशोक यादव, शंकर सुमन मिश्रा, महासचिव विश्वास भगत, उर्जावान प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, पटवारी संघ जिलाध्यक्ष भरत कुमार यादव, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ब्रम्हानंद सिंह, कामता प्रसाद बैगा, जिला सचिव शिक्षक संघ रवि पांडेय, जिलाध्यक्ष सचिव संघ राम विनोद सिंह, जिला सह सचिव दीपक तिर्की, जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ सुधाकर पूरी, श्रेयाश जायसवाल, तहसील अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी, कमलेश खाखा, राजेश तिवारी, परमेश्वर राजवाडे सहित कर्मचारी - अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में मनाई गई सातवीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय बैकुंठपुर सेवा केन्द्र में राजयोगी ब्रह्मा कुमार ओम प्रकाश भाई की सातवीं पुण्यतिथि मनाया गया।

ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने बताया कि ब्रह्मा कुमार ओम प्रकाश भाई अध्यात्म जगत के महान विभूति नित नवीन सेवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में जाने जाते हैं। इन्होंने मप्र, छग तथा उनसे लगे हुए राज्यों में लगभग 400 सेवा केन्द्रों तथा उप सेवा केन्द्र स्थापित किए। इंदौर में विशेष रूप से कन्याओं के लिए दिव्य कन्या छात्रावास की स्थापना कराई। इसमें अब तक सैकड़ों कन्याओं ने ज्ञान के पालन के साथ लौकिक शिक्षा प्राप्त की उनमें से कई कन्या समर्पित हो आदर्श ब्रह्माकुमारी टीचर बनकर अनेक स्थानों पर ईश्वरीय सेवाएं कर रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पार्षद साधना जायसवाल, महिला बाल विकास सुपरवाइजर आरती गुप्ता, ब्रह्माकुमारी रेखा बहन एवं संस्था से जुड़े ब्राह्मण भाई -बहनों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।



बीके रेखा बहन ने कहा कि कमला दीदी ने दूसरों के लिए जिया उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि सभी उनसे संतुष्ट रहते थे, वह उम्र और पद में बड़ी होते हुए भी सबको सम्मान देती थी, इसलिए वहां सभी के सम्मान का पात्र बन सकी, उनके जाने के बाद भी उनके गुण हमें प्रेरणा देते हैं।

# कोयले के अवैध धंधे पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र में लगातार कोयला एवं लोहे की चोरी को अंजाम थाना के बगल से चोरों द्वारा किया जा रहा है। इसे लेकर हरिभूमि ने समाचार प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन उपरांत एसपी त्रिलोक बंसल चरचा थाना प्रभारी को निर्देशित किए कि कोयला एवं कबाड़ चोरों के उपर कार्रवाई करें। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किण्डों के मार्गदर्शन में थाना उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ स्टाफ के साथ कोयला चोरों को पकड़ने निकले। मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम शंकरपुर सामुदायिक भवन पंडोपारा में खुले स्थान पर काफी मात्रा में कोयला पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना उप निरीक्षक अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और देखा की उस जगह पर कोयला पड़ा है, जो लगभग दो टन लागत 16 हजार रुपए का कोयला बताया जा रहा है, जिसे जब्त कर चरचा थाने लाया गया।

### संकल्प यात्रा रथ ग्रामीणों को कर रहा जागरूक

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं का प्रचार रथ जिले के विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ के लाई, मुसर्रा, सरभोका तथा वाही ग्राम पंचायतों में पहुंचा। शिविर स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाई ग्राम पंचायत की निवासी मंगली ने आयुष्मान भारत योजना से प्राप्त कार्ड के बारे में, सच्चिदानंद ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा एस. कुमारी व राहेलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास प्राप्त हुआ, इससे उनके जीवन में क्या परिवर्तन हुए सभी ने अपना अनुभव शिविर में उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। शिविर स्थल पर कृषि विभाग के अधिकारी हीरादास पैकरा के द्वारा मृदा परीक्षण का डेमोस्टेज्शन के माध्यम से यह बताया गया कि ग्रामीण किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उचित मात्रा में खाद एवं बीज का उपयोग अच्छी फसल ले सकते हैं। उन्होंने समस्त कृषकों सॉयल हेल्थ कार्ड बनाने के सुझाव दिए। उत्सव समिति के सदस्य परसराम, दुलार सिंह,संतलाल सिंह, दिनेश राय, एस. कुमारी, मंगली, भानू, इंद्रवती तथा स्वागत समिति के सदस्य देव कुमार, श्यामा देवी, संतलाल साहू, कछेन्द्रनाथ, रहमत उल्लाह, ग्रिजेश कुमार साहू के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का स्वागत किया गया।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

PRAKASH HOSPITAL
ICU सुविधा उपलब्ध
SERVICES
Emergency Care
24x7 Diognostic Services
24x7 Ventilator Services
Expert Doctor
Trained Nursing Staff
971366743, 9617247433
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दुरबीन विधि LAPROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपी सर्जन
● गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
● अपैण्डिक्स ● हार्निया
● पेट में गठान ● पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
■ जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल ह्दय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
■ 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा
■ 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग
नेत्र रोग विभाग
दंत रोग विभाग
स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग
सर्जरी विभाग
शिशु रोग
हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ
कैंसर रोग एवं सामान्य लक्षण
मुंह में अल्सर न ठीक होना
ब्रेस्ट में गांठ
गर्दन या चेहरे में सूजन
निगलने में कठिनाई
थूक में रक्त
मल में खून
लंबे समय तक मासिक धर्म
असामान्य वजन / भुख न लगना
ऊपरी या निचले अंग पर गांठ
तिल मस्से के रंग, आकार का बदलना
MBBS M.S. (Gen Surgery)
DrNB (Surgical Oncology)
Fellowship in Thoracic Surgical Oncology
Tata Memorial Hospital Mumbai
Consultant-Surgical Oncology
डॉ. सौरभ जैन
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24x7 Emergency Service
दिनांक- 30 दिसम्बर 2023 शनिवार
समय- दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी
यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट
यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर
यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### सलका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया सुशासन दिवस

**सलका अघिना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल शर्मा द्वारा अटल की कविता का गायन कर उनकी यादों को ताजा किया। इस दौरान उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मोक्ष नारायण गुप्ता,जगरेलाल यादव, फिरोज खान, ज्ञान प्रकाश दुबे, आशीष गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, साकेत अग्रवाल, गणेश सिंह, राजेश गुप्ता अन्य उपस्थित थे। सलका के अटल चौक में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर का छात्र बना माइनिंग सरदार

**सोनगरा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर का छात्र शिवशक्ति



भगत का सीसीएल रांची द्वारा आयोजित माइनिंग सरदार परीक्षा में ऑल इंडिया 40 वां रैंक लाकर माइनिंग सरदार में चयन हुआ। पुलिस लाइन अंबिकापुर के निवासी आनंद राम भगत के पुत्र है। शिव शक्ति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दोस्तों व अंबिकापुर पॉलिटेक्निक के गुरुजनों को दिया।

### जिपं सदस्य ने कैबिनेट मंत्री को सड़क मरम्मत के लिए सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** जिपं सदस्य श्रीमती प्रभात बेला मरकाम ने प्रदेश ने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से



मनेन्द्रगढ़ में मुलाकात की। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती मरकाम ने एनएच 343 की जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौपने के साथ ही बताया कि एनएच 343 की जर्जर सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और सड़क पर आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों का भी आवागमन होता है लेकिन अब तक सड़क मरम्मत की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। अंबिकापुर से लेकर पस्ता तक सड़क की हालत सर्वाधिक खराब है और लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है। इस दौरान जीवबोध यादव, मुनीलाल आयाम, बालू अण्डिल्य, कैलाश पाया, सुनील यादव, नरेन्द्र, प्रीति, आशा, निशा मरकाम उपस्थित थे।

### कार्यालय परिसरों में की गई साफ-सफाई

**बैकुंठपुर।** जिले के गांव, कस्बे व शहर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्मदिन के अवसर पर बनाए गए अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा अटल जी की तस्वीर में पुष्पांजलि दी गई। साथ ही बड़ी संख्या में सोमवार को शासकीय-अशासकीय परिसरों को साफ-सफाई किया गया व कचरा साफ किया गया।

## हेल्थ प्लस

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत आज शहर में

**अंबिकापुर।** इस कोरोना काल में लंबे समय तक चले लॉकडाउन के कारण



व अभी भी मरीजों को बेहद परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है व उन्हें उचित उपचार व परामर्श नहीं मिल पा रहा है। इस विपरित परिस्थिति में मरीजों की असुविधा को देखते हुए डॉ. भरत अग्रवाल जो कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। शहर में 26 दिसंबर को लाईफ लाईन हॉस्पिटल, गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अम्बिकापुर मे सुबह 11 बजे से 2 बजे तक अपना परामर्श देने आ रहें है। इस अवसर पर विशेष रूप से ईको की सुविधा भी रहेगी। हृदय रोग से संबंधित सभी मरीज, जिन्हे सांस लेने में तकलीफ हो, बार- बार पसीना आता हो, सीने में जलन और दर्द, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अन्य हृदय संबंधी विकार से ग्रसित रोगी संपर्क पूर्व रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें।

## जगह-जगह उत्साह के साथ सुशासन दिवस मना, किसानों को किया गया बकाया बोनस का भुगतान

# देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी का विशेष योगदान : मरावी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम पटना अटल चौक में नव निर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती व सुशासन दिवस मनाया गया। विधायक श्री मराबी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का देश के विकास में विशेष योगदान रहा है। आज गांव-गांव में काली सड़क दिख रही है वह अटल बिहारी वाजपेयी का देन है। अटल बिहारी वाजपेयी ने ही अविभाजित मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ प्रदेश बनाया। शायद अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री नहीं रहते तो छत्तीसगढ़ प्रदेश नहीं बनता। सभी गांव में अटल चौक बना हुआ है वह आज भाजपा के सरकार बनते ही रंग रोगन होकर चमचमा रही है। हमें अटल चौक को सहेज कर रखना है और हम अटल बिहारी वाजपेयी बताये हुए मार्ग चल रहे हैं। सुशासन दिवस पर विधायक श्री मराबी द्वारा सभी लोगों को प्रदेश में सुशासन व्यवस्था बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। इस दौरान रामकरन साहू, हरिनारायण साहू, विमला सिंह मराबी, दरोगा सिंह, मानिक चंद सिंह, प्राणपति सिंह, संत कुमार साहू, मदन सारथी,जगदीश सिंह, पिंटू मरावी, मिथिलेश्वर सिंह मरावी, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



### गांव-गांव में मनाया गया सुशासन दिवस

**बिहारपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैश्य ने बताया कि पोखरण परमाणु परीक्षण बाजपेयी जी की बड़ी उपलब्धि है। उन्हें जनजातीय मामलों, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विभाग और सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सामाजिक न्याय मंत्रालय में परिवर्तित करने के लिए नए विभागों के निर्माझा का श्रेय दिया जाता है। उनके कार्यकाल में भारत की जीडीपी ग्रोथ की बढ़ोत्तरी 8 फसदी तक हुई, महंगाई 4 फीसदी से कम और विदेशी मुद्रा भण्डार पूरी तरह भरा रहा। उनका सबसे बड़ी उपलब्धियों में महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाएं हैं जिसे उन्होंने लॉन्च किया था। इस दौरान भाजयुमो महामंत्री बीपी जायसवाल, कन्हैयालाल साहू, देवेंद्र गुप्ता, पंचायत सचिव देवनारायण सिंह, सरपंच सुमित्रा खैरवार , रामबरन खैरवार अशोक जायसवाल लक्ष्मण जायसवाल, बैकुंठ प्रसाद जायसवाल राम कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### ग्राम पंचायतों में मनाई गई अटल जयंती

**पोडीमोड़।** अटल जयंती के अवसर पर क्षेत्र के सरहरी, सेमराखुर्द, दरहोरा, दवनकरा, केवरा, हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, दुरती, बगडा कोटेया सहित अन्य ग्राम पंचायतों के अटल चौक पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते ने अटल चौक सरहरी पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस दौरान चंदन कुशवाहा, शिवचरण नापित, धनपत सिंह, रामकुमार पटेल, नंदा यादव, कमल राजवाड़े, राजेन्द्र यादव, रामसूरत पैकरा, सूरज प्रसाद कांशी, कुवांर साय, विजय यादव व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सुशासन दिवस की शपथ लेकर किया श्रमदान

**रामानुजनगर।** सुशासन दिवस के अवसर पर अटल चौक ग्राम पंचायत रामानुजनगर में विधायक भूलन सिंह मरावी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाकर श्रमदान कर स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। जनपद पंचायत रामानुजनगर के समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष श्रम दान कार्यक्रम कराया गया और समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जयप्रकाश उपाध्याय, संजय राय, नर्मदा सिंह, निर्मल श्याम, श्रीमती अनुभा चौबे सहित सरपंच, सचिव एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में बाजपेयी को किया गया याद



**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि उनके विचार हमेशा सकारात्मक ऊर्जा और आशा का संचार करते रहेंगे। भातीय राजनीति के आजाद शत्रु थे। राजनीतिक अस्थिरता से उबारने के अलावा उन्होंने राजनीति में सुचिता और पारदर्शिता का आदर्श प्रतिमान रखा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्थापित विकास और सुशासन के नए प्रतिमान आधारशिला अटल बिहारी वाजपेई ने अपने शासनकाल में रखी थी। अनिल सिंह मेजर ने कहा कि वाजपेई जी दूर दृष्टि वाले महामानव थे। उन्होंने ग्रामीण विकास के बारे में सोचा और लागू किया। भाजपा के मूल सिद्धांत गरीब कल्याण का अटल जी ने शुरू किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि उनकी किसी से तुलना करना सूरज को दीपक दिखाने के बराबर है। देश को विकास के परम शिखर पर पहुंचाने के लिए हमें उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य पथ पर बढ़ते रहना होगा। पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि वह अद्वितीय व्यक्तित्व थे। जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में कविता का पाठ किया। महिला मोर्चा अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह एवं नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान दीपक सिंह तोमर, अभिमन्यु गुप्ता, राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा, अरुणा सिंह, बलराम जयसवाल, मधु चौदहा, विकास पाण्डेय, रूपेश दुबे, राजबहादुर सिंह, अभय साहू, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### जनप्रतिनिधियों को दिलाई गई सुशासन की शपथ

**लखनपुर।** क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में नगर पंचायत द्वारा सोमवार को सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक बनने के बाद पहली बार नपं कार्यालय पहुंचे विधायक श्री अग्रवाल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष सावित्री साहू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की राजनीतिक यात्रा एवं देश के प्रति किए गए उनके कार्यों की जानकारी दी। नपं अध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। नपं सीएमओ जितेन्द्र पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, पार्षद बृजकिशोर पाण्डेय, अमित बारी, चन्द्रभान सिंह, दिनेश बारी, सचिन अग्रवाल सहित नपं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### लोगों ने सुशासन स्थापित करने का लिया संकल्प

**अम्बिकापुर।** सुशासन दिवस पर नपं भटगांव के गांधी चौक व अन्य चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर उनकी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया। नगर पंचायत द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान अटल बिहारी बाजपेयी की कविता पाठ कर विचारों को रखा गया। उपस्थित लोगों ने देश को उन्नति की ओर अग्रसर करने का विचार रखा गया। इस दौरान श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, आशीष बाजपेयी। श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती लक्ष्मी महतो, श्रीमती बालो देवी पाटले, श्रीमती उर्मिला राजवाड़े, हरे कृष्णा राजवाड़े, अशोक सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, ओंकार सिंह, रघुवीर सिंह, हरेन्द्र सिंह, सहित नपं के जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### अमेरा समिति में मनाया गया सुशासन दिवस

**लहपटरा।** सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर क्षेत्र में सुशासन दिवस मनाया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर अमेरा समिति में किसानों को वर्ष 2014-15 व वर्ष 2015-16 के बकाया बोनस राशि का वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सुरेश साहू, यतेंद्र पांडेय, गोपाल, विष्णु राजवाड़े, अजय राजवाड़े, जगदीश गुप्ता, रामधन बिहार, सरपंच पारस एवं भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।



### ग्राम पंचायतों के अटल चौक पर दिलाई गई शपथ

**करवां।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को आज करवां, कसकेला, महेशपुर, जुड़वानी ग्राम पंचायत के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्व. वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता एवं सुशासन का संकल्प लिया गया। इस दौरान ललन सिंह, राजेंद्र जायसवाल, पिंटू जायसवाल, मदन राजवाड़े,आद्या राजवाड़े, टिकेश राजवाड़े, रामफल चौधरी, डिकेश्वर चौधरी, सीता जायसवाल सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामानुजगंज में सुशासन दिवस के रूप में मनी अटल जयंती



**रामानुजगंज।** स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्हें इस बात का गर्व था कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का अस्थि रामानुजगंज के कनहर नदी में विसर्जित किया गया था। इस अवसर पर नगर पंचायत के अटल चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता आरके पटेल ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को भारत रत्न पुरस्कार तात्कालिक राष्ट्रपति द्वारा उनके घर पर जाकर दिया गया था जो गर्व की बात है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि रामानुजगंज के कनहर नदी में उनकी अस्थियां विसर्जित की गई थी। संभवतः छत्तीसगढ़ का पहले अष्टधातु अटल प्रतिमा हम लोगों ने पहले से ही बनवा रखा था। अटल बिहारी वाजपेई भारत के संप्रभुत्व के साथ कोई समझौता नहीं करते थे। भाजपा नेता शैलेश गुप्ता ने कहा कि पारदर्शिता हमारे सुशासन में होनी चाहिए तभी नगर और देश का विकास हो सकता है। पूर्व मंडल अध्यक्ष विमलेश सिंह ने कहा कि भारत में परमाणु परीक्षण करने के लिए जो दमखम अटल बिहारी वाजपेई ने दिखाया वह किसी में नहीं था जिससे आज देश परमाणु संपन्न देश बन चुका है और इसी का परिणाम है कि आज हमसे आंख में आंख मिलाकर बात करने वाला कोई नहीं। वहीं कार्यक्रम को पार्षद राजेश सोनी, सुभाष केसरी, सुभाष जायसवाल अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस दौरान आरके पटेल, विमलेश सिंह, बजरंगी गुप्ता, अशोक, अशोक जैन, गौरी शंकर गुप्ता, अशोक अग्रवाल, आरएस तिवारी, प्रमोद कुशवाहा, ललिता कुशवाहा, रामेश्वर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। इसी प्रकार देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस ग्राम पंचायत चेरा में ग्राम वासियों के द्वारा विधि पूर्वक धूमधाम से मनाया। इस दौरान जितेन्द्र प्रशाद यादव, विंध्याचल यादव, हुकुमचंद यादव, बद्री प्रसाद यादव, सत्यम कुमार यादव, राजकुमार यादव, अरुण कुमार यादव, राजकेश्वर रवि, कुंजबिहारी यादव, रामावध यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

**सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को बांटे गए बोनस प्रमाण पत्र-** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। आदिम जाति सहकारी सेवा समिति महावीरगंज में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों को बोनस प्रमाण पत्र बांटे गए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सरकार ने सरकार बनने के उपरांत आज दूसरी बड़ी घोषणा को पूरा किया है देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश भर में सुशासन दिवस के रूप में मना रही है इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की नव गठित भाजपा सरकार किसानों को बड़ा तोहफा देते हुए 2 साल के बकाया बोनस राशि उनके खाते में हस्तांरित किया। इसी तारतम में आदिम जाति सहकारी सेवा सहकारी समिति महावीरगंज भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों को बोनस प्रमाण पत्र बांटे गए। इस दौरान इरफान अंसारी, राजकुमार यादव, कृपा शंकर गुप्ता, राजेश्वर भुईया, महबूब खान, मंजूर आलम, मंजर अंसारी, अरविंद यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# सुशासन दिवस पर जिले के किसानों को मिला बोनस



हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देती केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर आज धान बोनस राशि वितरण ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थीं। साथ ही जिले से बड़ी संख्या में कृषक भी ऑडिटोरियम स्थल पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषक खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की लंबित बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नचित मुद्रा में दिखाई दे रहे थे। साथ ही शासन के प्रति उनका बढ़ता विश्वास साफ उनके चेहरों में साफ़ दिख रहा था। मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपस्थित कृषकों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आज एक क्लिक में आप सभी के खातों में आपके मेहनत की कमाई राशि के रूप में आपके खाते में अंतरित हुई है। हमारी शासन ने जो वादा किया था उसे निभाया है। किसानों के प्रत्येक अन्न का दाम उन्हें मिले इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए शासन सकारात्मक कदम उठायेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम द्वारा ऑडिटोरियम में उपस्थित लोगों को सुशासन दिवस की शपथ भी दिलवाई। वहीं धान बोनस वितरण के लिए सभी ब्लॉकों में समितियों का गठन किया गया था। इस दौरान बाबूलाल, अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहु, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह, संदीप अग्रवाल, थलेश्वर साहू, राजेश अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, कौशल सिंह, सुरेंद्र राजवाड़े, रामनारायण जायसवाल, श्रीमती बीना गुप्ता सहित किसान व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### किसानों को भुगतान किया गया दो वर्षों का बकाया बोनस

**रामानुजगंज।** मंडी प्रांगण में आज सुशासन दिवस के अवसर पर दो वर्षों के बकाया धान की बोनस राशि का भुगतान किसानों को किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार विष्णु गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक शंकर भगत, उमेश गहरवार, अरुण केसरी, शर्मिला गुप्ता, अश्वनी गुप्ता मंडी सचिव वीरेंद्र ठाकुर सहित अधिकारी कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।



# वीरपुर के अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल को किया गया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



समारोह की शुरूआत करती मंत्री।

केबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक के गृहग्राम वीरपुर के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके पश्चात राज्य एवं देश में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम स्थापित कर उसका संचालन किया गया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थितजनों के साथ सुशासन दिवस की शपथ लेकर, श्रमदान कर स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत भी की गई। सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों में आज स्वच्छता के कार्यक्रम एवं स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत की गई, जिसमें सड़क सफाई से लेकर अन्य स्वच्छता कार्यक्रम को शामिल किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी लीना कोसम, सूरजपुर जनपद सीईओ विनोद सिंह, जनप्रतिनिधियों में ठाकुर राजवाड़े, ओमप्रकाश राजवाड़े, अरुण साहू, लवन राजवाड़े, बृजेश कुशवाहा, मनरेगा के कार्यकम अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी, आरईएस एसडीओ विमल सिंह, ब्लॉक नोएडा अधिकारी सीमा चौबे, पंचायत निरीक्षक उपेंद्र तिवारी व अन्य उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत करवां, कसकेला, महेशपुर, जुड़वानी के अटल चौक में भी सुशासन दिवस मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर करवा सरपंच ललन सिंह, राजेंद्र जायसवाल, पिंटू जायसवाल, मदन राजवाड़े, आद्या राजवाड़े उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय मूट कोर्ट स्पर्धा पीयूष को मिला प्रथम पुरस्कार

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता में राजीव गांधी पीजी कॉलेज के विधि छात्र पीयूष कुमार त्रिपाठी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज व एसकेटीडी विधि महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी भाषा में प्रदेश के प्रथम राज्य स्तरीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में हत्या के मामलों में दण्डित एवं प्रक्रियात्मक प्रावधान के तहत रतलाम के मृतक रूपचंद की हत्या के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन एवं बचाव पक्ष की बहस की गई। मूट कोर्ट में केस फाइल एफआईआर पोस्टमार्टम, फॉरेन्सिक रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट रिपोर्ट, हत्या में प्रयुक्त हथियार की जब्ती साक्षियों के कथन सहित अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया गया। स्पर्धा में 12 विधि महाविद्यालयों की तीन-तीन सदस्यीय टीम शामिल हुई। पीजी कॉलेज विधि विभाग से पीयूष कुमार त्रिपाठी, सतीश तिवारी, वक्ता जबकि पीयूष त्रिपाठी ने प्रकरण के शोधकर्ता के रूप में प्रतिनिधित्व किया। प्रथम राउंड में चयनित होने के उपरांत पीजी कॉलेज की टीम फाइनल राउंड में बचाव मिला। जिसमें पीयूष कुमार त्रिपाठी ने 302,201,34 के आरोपी अभियुक्तों बचाव करते हुए अभियोजन की कमियों को बताया तथा प्रकरण में कई सूक्ष्म बिन्दु रेखांकित किए। प्रस्तुति पर न्यायाधीशों व विधिवेत्ताओं ने श्री त्रिपाठी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।

### नपा अध्यक्ष ने प्रोटोकॉल की अवहेना करने का लगाया आरोप

**अम्बिकापुर।** नपा प्रेमनगर के अध्यक्ष सुखमनिया जगत एवं उपाध्यक्ष आलोक साहू ने सुशासन दिवस समारोह में प्रशासन पर प्रोटोकॉल की अवहेलना कर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने का आरोप लगाया है। नपं अध्यक्ष सुखमनिया जगत व उपाध्यक्ष श्री साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी क बताया कि क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में नगर के दुर्गाबाड़ी में आयोजित सुशासन दिवस समारोह में अधिकारियों ने नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को आमंत्रित करने की जरूरत नहीं समझी। शासकीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल की अवहेलना कर केवल भाजपा के पदाधिकारियों को शामिल किया गया। समारोह में सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## पेज 1 के शेष...

### तरंगित तार का...

के साथ ही इंसानों के भी चपेट में आने की संभावना के बाद भी तार का जाल बिछाया गया। इस जाल में फंसकर युवक की मौत हो गई थी। इसके साथ ही आरोपियों ने युवक की मौत के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव व तार को छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त 600 मीटर तार, 40 नग सरई लकड़ी का खुटी व टांगी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि पुष्पराज सिंह प्रधान आरक्षक तसील लाल, आरक्षक सागर सिंह, सचित कुशवाहा, पवन जगत, अजय टोप्पो, सकेन्द्र पैकरा तथा सुरेन्द्र रवि सक्रिय रहे।

## पूरी रात मचाता रहा उत्पात, गन्ना सहित रबी फसलों को किया तबाह

# 27 हाथियों का दल पहुंचा सेमरडीह जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

27 सदस्यीय हाथियों के सेमरडीह जंगल में दाखिल होने से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। बीती रात हाथियों ग्राम उदारी, बरकिला एवं सेमराडीह में जमकर उत्पात मचाया तथा 10 एकड़ में लगी गन्ना, मटर एवं आलू की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के ग्राम डुमकी, पडौली, चंगोरी, सखोली जमीरा के रास्ते जशपुर के बगीचा की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है।

**खास बात**
- पीछे चल रहे दंतैल ने घर में की तोड़फोड़

एक पखवाड़े तक राजपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी तबाही मचाने के उपरांत 27 हाथियों का दल सुबह 5 बजे सीमावर्ती चंगोरी जंगल में दाखिल हुआ। राजपुर रेंज के वन अधिकारियों द्वारा हाथियों के गतिविधियों की पल-पल की जानकारी उपलब्ध कराने के कारण वन अमला पूर्व से सतर्क था तथा सीमा पर मौजूद रहकर ग्रामीणों को हाथियों के पहुंचने की सूचना दे रहा था। लंबी यात्रा के बाद शाम ढलने पर हाथी जंगल से बाहर निकले तथा गन्ना, आलू व मटर की फसल को तबाह करने लगे। इस दौरान वन अमले की मौजूदगी के बावजूद ग्रामीण एकत्र होकर पटाखे फोड़ हाथियों का रास्ता बाधित करने लगे। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने से परेशान हाथियों ने बस्ती का रुख किया तो वन अमले ने काफी मशक्कत के बाद गजराज वाहन की मदद से हाथियों को रोका। इस दौरान हाथियों का दल ग्राम दुपकी, पड़ौली, चंगोरी, सखौली के रास्ते फसलों को रौंदते हुए भोर में सेमरडीह पहुंचा। मार्ग में हर जगह ग्रामीणों ने हाथियों का रास्ता बाधित करने की कोशिश की। वन अमले द्वारा हाथियों के बस्ती में पहुंच कर तोड़फोड़ मचाने की समझाइश पर ग्रामीणों ने पटाखा फोड़ना बंद किया तो हाथी आगे बढ़े। इस दौरान हाथियों ने लगातार आबादी क्षेत्र में घुसने की भी कोशिश की। डिप्टी रेंजर शिव शंकर तिवारी के नेतृत्व में परिसर रक्षक मनीष सिंह, प्रियंका पैकर सहित अन्य कर्मचारियों के साथ पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करते रहे। भोर में हाथियों का दल सेमरडीह जंगल में दाखिल हुआ तो वन कर्मियों ने राहत की सांस ली।



ग्रामीणों के साथ वनकर्मी।

### जशपुर जाने की संभावना

वन अधिकारी हाथियों के जशपुर स्थित बादल खोल अभ्यारण की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वन अधिकारियों के अनुसार हाथियों का दल वन परिक्षेत्र धौरपुर के रास्ते अपने परंपरागत मार्ग से आवागमन करता है। वन अधिकारी हाथियों के बकीला, खालपोड़ी, असकला के रास्ते बगीचा होते हुए बादल खोल अभ्यारण जाने की संभावना व्यक्त कर रहे है। दल में 27 हाथियों के अतिरिक्त एक साल से तीन साल के पांच शावक भी शामिल है जिसके कारण हाथी काफी धीमी गति से आगे बढ़ रहे है।

### दंतैल ने ढहाया मकान

दल का एक दंतैल हाथियों के पीछे-पीछे चल रहा है तथा देर शाम तक उसके दल में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत बाटीडांड जंगल से हाथियों के एनएच पार करने के दौरान दंतैल अलग हो गया था तथा उसने दूसरे दिन एनएच को पार किया था। बीती रात अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल ने बीती रात ग्राम बाटीडांड में गन्ना की फसल से अपनी भुख मिटाने के बाद बस्ती किनारे एक घर में तोड़फोड़ मचाया और घर में रखे अनाज को चट कर गया। इस दौरान परिवार के सदस्य ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि अकेले चल रहे दंतैल को धान काफी पंसद है तथा व धान का तलाश में घरों में तोड़फोड़ मचाता है। हाथियों ने राजनाथ आ. अघन साय, मुन्ना कुजूर, लक्ष्मण, वीरेन्द्र केरकेट्टा, नंदा केरकेट्टा की 10 एकड़ में लगी गन्ना, मटर व आलू की फसल तबाह की है तथा ग्राम डुमकी खुटीपारा में सिंचाई पाइप को तोड़ दिया है। हाथी ग्राम सखौली स्थित खलिहान में रखे धान को चट कर गए है।



## मंत्री लक्ष्मी व विधायक भूलन मरावी का किया भव्य स्वागत

**सूरजपुर।** भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री बनने के बाद जिला मुख्यालय में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। गौरतलब है की छत्तीसगढ़ सरकार में एकमात्र महिला मंत्री भटगांव विधानसभा से विधायक चुनी गई लक्ष्मी राजवाड़े को बनाया गया है जो शपथ लेने के बाद शनिवार को गृहग्राम पहुंची हैं। इस दौरान प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के तारा, प्रेम नगर, गणेशपुर, छिदिंया, रामानुजनगर, देव नगर, कलुआ, चंद्रपुर के पश्चात जिला मुख्यालय में जगह-जगह स्वागत किया गया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद के साथ चुना है मैं उनकी उम्मीदों पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में प्रदेश का तेजी से विकास होगा, मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। अग्रसेन चौक में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह मरावी को लड्डूओं व फल से तौला गया। मंत्री के स्वागत में भाजपा, भाजयुमो के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान राजेश अग्रवाल महलवाला, मुरली मनोहर सोनी, थलेश्वर साहू, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, जयप्रकाश उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी,आनंद सोनी, अरविंद मिश्रा, अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन,संस्कार अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छिंदियाडांड समेत तीन मोहल्लों के ग्रामीणों को मिलेगी सड़क की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब इस समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। चुनाव के दौरान मतदान के बहिष्कार की चेतावनी के बाद प्रशासन द्वारा स्वीकृत की गई राशि से सड़क व पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क व पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धंधापुर के मोहल्ला छिंदियाडांड, लोधीडांड व उरमाडांड के ग्रामीण वर्षों से सड़क व पुलिया की समस्या से जूझ रहे थे। सड़क नहीं होने के कारण तीनों मोहल्ला के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए पैदल पांच किमी का सफर करना पड़ता था इसके साथ ही ग्रामीणों के बीमार पड़ने पर उन्हें आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती थी। लगातार सड़क व पुलिया की मांग करके थक चुके ग्रामीणों ने इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान के बहिष्कार की घोषणा कर दी थी जिसके बाद कलेक्टर आर एक्का व जिपं सीईओ रैना जमील द्वारा यहां रोजगार गारंटी के तहत 20 लाख रुपए सड़क व पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। प्रशासन द्वारा दी गई स्वीकृति के तहत अब गांव में सड़क का कार्य शुरू हो गया है। गांव रति राम, मानसिंह, गंगा प्रसाद व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के सरपंच, उप सरपंच ने इस सड़क के निर्माण के लिये प्रयास किया तब जाकर सड़क बन रही है। सड़क बन जाने से खेती किसानी के लिए खेत तक जाने में हमें सहूलियत होगी। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले में रोजगार गारंटी के तहत सड़क का निर्माण सिर्फ धंधापुर में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक उद्देश्वरी पैकरा से मांग की है कि वे इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कराएं ताकि उनके गांव का विकास हो सके।

- रोजगार गारंटी के तहत शुरू कराया गया 20 लाख से सड़क व पुलिया का निर्माण



## विजय नगर बाकी नदी किनारे भव्य रूप से हुआ कराह पूजा

**रामानुजगंज।** विजयनगर गांव में आज बाकी नदी के किनारे कराह पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में यादव समाज के वरिष्ठ सहित आसपास क्षेत्रों के ग्रामीण बड़ी संख्या में कराह पूजा देखने पहुंचे। कराह पूजा में खौलते हुए गर्म दूध से स्नान किया गया जिसे देख मौके पर मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। ऐसी मान्यता है कि कराह पूजा से प्रकृति और पर्यावरण शुद्ध हो जाती है। साथ ही किसी प्रकार की आपदा विपदा भी टल जाती है। गोविन्द भगत यादव ने खौलते हुए दूध से स्नान किया।

## गायत्री खदान में दूसरी सीएम मशीन स्थापना का कार्य हुआ प्रारम्भ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री भूमिगत खदान में साल के अंत तक दूसरी सीएम मशीन स्थापना का काम पूरा हो जाएगा। कम्पनी द्वारा जर्मनी से करीब 86 करोड़ रुपये की लागत से मंगाई गई सीएम मशीन के खदान में स्थापित करने का कार्य क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी की उपस्थिति में सोमवार से आरंभ हुआ।जीएम ने हरी झंडी दिखाकर खदान के सरफेस से खदान के भीतर मशीनों को मार्च करा शिफ्टिंग शुरू कराई।आरजीके सब एरिया के सहक्षेत्र प्रबंधक उग्रनाथ झा ने बताया कि इसी साल के आरंभ में पहली सीएम मशीन को खदान में शिफ्ट कराते हुए उत्पादन शुरू कराया गया था, उक्त खदान में अब दूसरी कम हाइट की आधुनिक सीएम मशीन के स्थापना का कार्य शुरू किया गया है ,इस मशीन से नए वर्ष के प्रथम सप्ताह से कोयला उत्पादन आरंभ हो जाने की पूरी संभावना है।गौरतलब है कि यहां तेजी से कोयला उत्पादन के लिए कलकत्ता की निजी कोयला खनन कंपनी गेनवेल से एस ई सी एल कोल कम्पनी ने डेढ़ दशक के लिए अनुबंध किया है।वर्तमान में उक्त खदान में एस ई सी एल के साढ़े चार सौ से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।वर्ष भर पूर्व यहां सीएम मशीन लग जाने से चार से पांच गुना रोजाना का कोयला उत्पादन बढ़ गया है ।वर्तमान में इस खदान से दो हजार टन रोजाना कोयला उत्पादन हो रहा है, अब दूसरी सीएम मशीन लग जाने के बाद यहां का उत्पादन तीन हजार टन रोजाना होने की उम्मीद है।बताया गया कि पूर्व में इस खदान से तीन लाख टन प्रति वर्ष कोयला उत्पादन होता था, अब नए पर्यावरण स्वीकृति मिल जाने के बाद प्रति वर्ष आठ लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन किया जा सकेगा।

### आधुनिक उत्खनन मशीन सिस्टम है सीएम

बता दें कि नई व आधुनिक युग में तेजी से कोयला खनन के लिए कंटीन्यूअर माइनर मशीन पूरी तरह सुरक्षित व बिना ब्लास्टिंग कोयला उत्पादन के लिए सहायक है।देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ति करने के लिए भू गर्भ सतह के भीतर तेजी से कोयले का उत्पादन वर्तमान में इन्हीं आधुनिक मशीनों के जरिए किया जा रहा है।गायत्री खदान में प्रथम चरण में निजी कंपनी द्वारा सौ करोड़ रुपये की लागत की सीएम मशीन वर्ष के आरंभ में लगाई गई थी, अब ये कम हाइट की दूसरी मशीन खदान के भीतर स्थापित की जा रही है।

## विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लास से मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

**सूरजपुर।** प्रभु यीशु के जन्म का महापर्व क्रिसमस जिले में मसीही समुदाय द्वारा परंपरागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समाज जिले के चर्च व गिरजाघरों में देर रात तक उल्लास में डूबे रहे। जिले के कालीपुर स्थित बेतेल चर्च में पास्टर रवि देवांगन के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। चर्च में पास्टर रवि देवांगन में समाज को संदेश देते हुए कहा कि बालक यीशु का जन्म गौशाला में हुआ था। उन्होंने कहा कि जाति व धर्म तथा संस्कृति को लेकर कोई भेदभाव न हो और लोगों में आपसी समानता व भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रेम और सेवा भाव के लिए प्रभु यीशु मसीह के संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मसीही समाज के महिला, पुरुष, युवक-युवतियां बच्चे भक्ति गीतों पर झूमते रहे। रात्रि 10 बजे से ही समाज का विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया था। रात के 12 बजे घंटा ध्वनि व आतिशबाजी के साथ प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मसीही समाज के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।



### मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में क्रिसमस फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया

नगर में संचालित एसएमपी एजुकेशन चैरिटेबल मैनेजमेंट सोसायटी द्वारा संचालित मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में बीते शुक्रवार को क्रिसमस डे सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिसमस डे सेलिब्रेशन के दौरान विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा चरनी बनाया गया तथा बच्चों द्वारा क्रिसमस ट्री एवं चरनी को स्टार, कैंडल, घंटी द्वारा सुंदर सजाया गया। बच्चे भी सांता क्लॉस एवं एंजल्स ,जेंटलमैन की ड्रेस में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन में आए एवं अपना सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शाला प्रभारी श्रीमती किरण अरोरा ने ईसा मसीह के जन्म व क्रिसमस के महोत्सव के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंहा व लक्ष्य आनंद के अलावा श्रीमती किरण अरोरा, श्रीमती पूर्णिमा राजवाड़े, नेहा सोनवानी, सोनामती केवट, दीप्ति टांडी, सावित्री सोनवानी, साक्षी ठाकुर, फरहीन, मनोज कुमार साहू, संजय सिंह अरोरा सहित अन्य उपस्थित थे।



### अचीवर्स इंटरनेशन स्कूल में मना क्रिसमस उत्सव

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशल स्कूल में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर में प्रभु ईसा मसीह के जन्म का दृश्य, क्रिसमस स्टार एवं क्रिसमस ट्री की झांकी सजवाई तथा केक काटकर जन्म दिवस मनाया। अमनदीप, लक्की मित्तल एवं साथियों ने प्रभु ईसा मसीह के जन्म पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। तीसरी एवं छठवीं की छात्राओं ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं छोटे बच्चों, सांता क्लाज की वेषभूषा में टॉफी बांटी। प्रभु ईसा मसीह ने हमें आपस में प्रेम से रहने, कभी किसी का दिल नहीं दुखाने, जरूरतमंदों का सहयोग करने, किसी भी जीव की हत्या नहीं करने एवं अहिंसा का पालन करने का संदेश दिया है। हम संकल्प लें कि ईसा मसीह के दिखाए मार्गों का अअनुसरण करेंगे, प्राचार्य अशोक तिवारी ने प्रभु ईसा मसीह द्वारा दिखाए मार्ग एवं सभी जीवों के प्रति सम्मान करने का संदेश दिया।




### न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**रामानुजगंज।** नगर के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डीएस मरावी कमांडेंट 12 वीं बटालियन एवं विशिष्ट अतिथि लोकेश्वर शांडिल्य डीएसपी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें कि बच्चों पर पढ़ाई का प्रेशर, महिलाओं पर हिंसा, मणिपुर हिंसा में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, गुरु और शिष्य पर बने थीम डांस की काफी सराहना किया। स्कूली बच्चों द्वारा 35 गानों पर प्रस्तुति दिया जो कि एक से बढ़कर एक था। कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के लगभग 500 बच्चों ने प्रस्तुति दिया। मुख्य अतिथि बी एस मरावी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि यहां इतने छोटी-सी जगह में बच्चों द्वारा इतनी शानदार प्रस्तुती दी जाएगी। अंत में स्कूल के व्यवस्थापक राकेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस दौरान श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती अंजना रवानी, श्रीमती आरती बाजपेई, प्रतिभा, असीमा, गरिमा सोनी, मैगडलिना, अनिल कुमार, राजु कुमार, सतीश प्रसाद सिन्हा, भास्कर, रंजीत प्रजापति, उमेश कुशवाहा, एजाज, तमाल, अजय, सोनाम तमंग, इम्तियाज सहित अन्य उपस्थित थे।




## कुमदा पुलिया के पास दो बाइक में भिड़ंत, महिला गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कुमदा बिश्रामपुर मार्ग पर सोमवार की शाम दो मोटरसाइकिल में आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता को गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार कुमदा कालोनी निवासी 35 वर्षीय संजीत सोनी पिता रामनाथ सोनी सोमवार की शाम अपनी पत्नी 30 वर्षीय शोभा सोनी के साथ बाइक में जा रहा था। इस दौरान कुमदा में पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार विवाहिता शोभा सोनी को गंभीर चोट आई है। मार्ग से गुजर रहे एक वाहन चालक ने मानवता का परिचय देते हुए विवाहिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार पश्चात विवाहिता को बेहतर उपचार हेतु अंबिकापुर रिफर कर दिया है।










